# Daily Current Affairs

Date : 28 July, 2025

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका



| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | 76वाँ राज्य स्तरीय वन महोत्सव |
| 2. | 'बोल्ड कुरुक्षेत्र - 2025' सैन्य अभ्यास |
| 3. | अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरस्कार और इनोवेशन अवॉर्ड |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)<br>1. डॉ. कलाम यूथ लीडरशिप अवॉर्ड<br>2. निक्षय पोषण किट वितरण अभियान |
| 5. | 25 OTT प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध |
| 6. | प्रधानमंत्री की मालदीव यात्रा |
| 7. | विश्व हेपेटाइटिस दिवस |
| 8. | विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस |
| 9. | वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स – 2025 |
| 10. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. 8वाँ राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन – 2025<br>2. 14वाँ अंतरराष्ट्रीय विरासत पर्यटन सम्मेलन – 2025<br>3. अनाहत सिंह<br>4. वैशाली निगम सिन्हा<br>5. GP बिड़ला मेमोरियल पुरस्कार 2025 : वी. नारायणन<br>6. IGNOU की पहली महिला कुलपति : प्रोफेसर उमा कांजीलाल<br>7. अन्वेषण मॉड्यूल |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

## 76वाँ राज्य स्तरीय वन महोत्सव

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **27 जुलाई, 2025 को जयपुर के मदाऊ स्थित जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में 76वें वन महोत्सव का आयोजन किया गया।**



## ➲ मुख्य बिंदु :

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 'अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरस्कार और इनोवेशन अवॉर्ड' प्रदान किया गया।
- राज्य सरकार ने वर्ष 2024 में हरियाली तीज के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' से प्रेरित होकर 'मिशन हरियालो राजस्थान' का शुभारंभ किया था। इसी मिशन के तहत् वर्ष 2024 में 7 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए थे।
- वर्ष 2025 की हरियाली तीज (श्रावण शुक्ल तृतीया) के अवसर पर पूरे राजस्थान में एक दिन में ढाई करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।
- मिशन हरियालो राजस्थान के तहत् राज्य सरकार का 5 वर्ष में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- खेजड़ली धरोहर को संरक्षित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा जोधपुर के खेजड़ली में अमृता देवी इंडिजिनस प्लांट म्यूजियम बनवाया जा रहा है।
- अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और इसे हरा-भरा बनाने के लिए ₹250 करोड़ की 'हरित अरावली विकास परियोजना' का संचालन किया जा रहा है।
- राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में पहली बार प्रदेश में ग्रीन बजट पेश किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 'बोल्ड कुरुक्षेत्र - 2025' सैन्य अभ्यास



## ➲ चर्चा में क्यों?

- जोधपुर में भारत और सिंगापुर की सेनाओं के बीच 'बोल्ड कुरुक्षेत्र' संयुक्त सैन्य अभ्यास का 14वाँ संस्करण आयोजित किया जा रहा है।

## ➲ मुख्य बिंदु :

- **अवधि:** 29 जुलाई से 4 अगस्त, 2025 तक।
- **संस्करण एवं स्थान :** 14वाँ और जोधपुर।

**भाग लेने वाली सेनाएँ:**

- **भारत:** मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट।
- **सिंगापुर:** 42 सिंगापुर आर्मर्ड रेजिमेंट।

**मुख्य उद्देश्य:**

- मशीनीकृत युद्ध संचालन की रणनीतियों और प्रक्रियाओं का अभ्यास करना।
- दोनों देशों की सेनाओं के बीच संयुक्त राष्ट्र अधिदेश (UN Mandate) के अंतर्गत इंटरऑपरेबिलिटी को बढ़ावा देना।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- **भारतीय दल का नेतृत्व : मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अर्जुन गणपति।**
- **सिंगापुर दल का नेतृत्व : 42वीं सिंगापुर आर्मर्ड रेजिमेंट के बटालियन कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल खिव झी यूंग।**
- **भारतीय नौसेना जुलाई, 2025 में ही सिंगापुर में आयोजित होने वाले 32वें सिम्बेक्स, सिंगापुर-भारत समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास (जिसे पहले अभ्यास लायन किंग के नाम से जाना जाता था) में भाग लेगी।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरस्कार और इनोवेशन अवॉर्ड

## ➲ चर्चा में क्यों?

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा 27 जुलाई, 2025 को जयपुर में 76वें वन महोत्सव के दौरान 2 व्यक्तित्वों को अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरस्कार और इनोवेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

## ➲ मुख्य बिंदु :

### डॉ. गौरीशंकर शर्मा (ज्योतिष शास्त्र के विद्वान)

- बीते 20 वर्षों से वन्यजीव संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।
- अब तक 180 नीलगाय के बच्चों का पालन-पोषण और वन्यजीवों के नि:शुल्क उपचार और देखभाल में अग्रणी भूमिका का निर्वहन।

### गोविंद भारद्वाज (पशुपालन विभाग)

- गोविंद भारद्वाज अब तक हजारों पशु-पक्षियों की जान बचा चुके हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **डॉ. कलाम यूथ लीडरशिप अवॉर्ड**<br>♦ हाल ही में, ख्वाब फाउंडेशन द्वारा डॉ. नरेन्द्र भूषण सिंह को डॉ. कलाम यूथ लीडरशिप अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।<br>♦ डॉ. नरेंद्र पर्यावरण कार्यकर्ता, गो-सेवक, महिला सशक्तीकरण व समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य करते हैं।<br>♦ **आयोजन :** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर। |
| 2. | **निक्षय पोषण किट वितरण अभियान**<br>♦ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 27 से 31 जुलाई, 2025 तक सम्पूर्ण राजस्थान में 'निक्षय पोषण किट वितरण अभियान' चलाया जा रहा है।<br>♦ **उद्देश्य :** टीबी रोगियों के जीवन को आसान बनाना।<br>♦ **शुभारंभ :** चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर द्वारा बीकानेर से। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय परिदृश्य

### 25 OTT प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील कंटेंट वाली 25 वेबसाइट्स/OTT प्लेटफॉर्म्स को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए।**




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के तहत् मंत्रालय ने मध्यवर्तियों को गैर-कानूनी जानकारी हटाने के निर्देश दिए।**

- **यह प्लेटफॉर्म सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000, भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023, महिलाओं का अशिष्ट चित्रण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986 और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 (2) का उल्लंघन कर रही थीं।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**ओवर द टॉप (OTT) प्लेटफॉर्म :**

- **ओवर-द-टॉप प्लेटफॉर्म का प्रयोग ऑडियो और वीडियो होस्टिंग तथा स्ट्रीमिंग सेवा प्रदाता के रूप में किया जाता है।**

- **इन प्लेटफॉर्म की शुरुआत कंटेंट होस्टिंग प्लेटफॉर्म के रूप में हुई थी, परंतु वर्तमान में यह स्वयं ही शॉर्ट फिल्म, फीचर फिल्म, वृत्तचित्रों और वेब-फिल्म का निर्माण कर रहे हैं।**

- **अधिकांश OTT प्लेटफॉर्म कुछ सामग्री नि:शुल्क उपलब्ध कराते हैं तथा प्रीमियम सामग्री के लिए मासिक सदस्यता शुल्क लेते हैं।**

- **प्रीमियम सामग्री का कंटेंट OTT प्लेटफॉर्म द्वारा स्वयं ही निर्माण और विपणन किया जाता है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

### प्रधानमंत्री की मालदीव यात्रा

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **23 से 26 जुलाई, 2025 तक भारतीय प्रधानमंत्री ने यूनाइटेड किंगडम (UK) और मालदीव की राजकीय यात्रा सम्पन्न की।**




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

**यूनाइटेड किंगडम यात्रा : 23 से 24 जुलाई, 2025 तक चौथी आधिकारिक यात्रा।**

- **दोनों पक्षों ने 'भारत-यूके विज़न 2035 दस्तावेज़' को अपनाया। इस दस्तावेज़ में दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत और प्रभावी बनाने के लिए आगामी 10 वर्षों का रोडमैप तैयार किया गया है।**
- **केंद्रीय जाँच ब्यूरो (CBI) ने आर्थिक अपराध, गंभीर धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार और संगठित अपराध की घटनाओं से निपटने के लिए ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।**

**मालदीव यात्रा : 25 से 26 जुलाई, 2025 तक तीसरी आधिकारिक यात्रा।**

- **नवंबर, 2023 में राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू के पदभार ग्रहण करने के बाद किसी शासनाध्यक्ष की मालदीव की पहली राजकीय यात्रा।**
- **"इंडिया आउट" कैंपेन के बाद प्रधानमंत्री की पहली मालदीव यात्रा।**
- **प्रधानमंत्री 26 जुलाई, 2025 को राजधानी माले में आयोजित मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में 'मुख्य अतिथि' रहे।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### समझौता ज्ञापन :

| क्र. सं. | समझौता |
|---|---|
| 1. | मालदीव को 4,850 करोड़ रुपये की ऋण सहायता (LOC) का विस्तार किया गया। |
| 2. | भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित ऋण सहायता पर मालदीव के वार्षिक ऋण चुकौती दायित्वों को कम करने पर संशोधन समझौता। |
| 3. | भारत-मालदीव मुक्त व्यापार समझौते (IMFTA) पर वार्ता का शुभारंभ किया गया। |
| 4. | भारत-मालदीव राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगाँठ पर संयुक्त रूप से स्मारक डाक टिकट जारी किया गया। |
| 5. | मालदीव ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) शुरू करने का समझौता किया गया। |

- मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि, मौसम विज्ञान, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, UPI, भारतीय फार्माकोपिया आदि क्षेत्रकों के संबंध में 6 समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया।

### उद्घाटन/हस्तांतरण :

- भारत की क्रेता ऋण सुविधाओं के अंतर्गत हुलहुमाले में 3,300 सामाजिक आवास इकाइयों का हस्तांतरण किया गया।
- अड्डू शहर में सड़क और जल निकासी प्रणाली परियोजना का उद्घाटन किया गया।
- मालदीव में उच्च प्रभाव वाली 6 सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया।
- 72 वाहनों और अन्य उपकरणों का हस्तांतरण किया गया।
- दो 'आरोग्य मैत्री हेल्थ क्यूब (भीष्म / BHISHM)' सेट्स सौंपे गए।
- माले में रक्षा मंत्रालय भवन का उद्घाटन किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्त्वपूर्ण दिवस

### विश्व हेपेटाइटिस दिवस

➲ **चर्चा में क्यों?**




- हेपेटाइटिस के विभिन्न प्रकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा वायरल हेपेटाइटिस के प्रति लोगों को सतर्क करने हेतु प्रति वर्ष 28 जुलाई को 'विश्व हेपेटाइटिस दिवस' मनाया जाता है।

➲ **मुख्य बिंदु :**

- इसी दिन नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. बारूक ब्लमबर्ग का जन्म हुआ था, जिन्होंने हेपेटाइटिस बी वायरस की खोज की थी और इसका टीका विकसित किया था।
- **वर्ष 2025 की विषयवस्तु :** हेपेटाइटिस: लेट्स ब्रेक इट डाउन।
- हेपेटाइटिस यकृत की सूजन संबंधी एक बीमारी है जो विभिन्न प्रकार के संक्रामक वायरस और गैर-संक्रामक एजेंटों के कारण होती है, जिससे कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएँ होती हैं। कुछ प्रकार के हेपेटाइटिस को टीकाकरण के माध्यम से रोका जा सकता है।
- विश्व स्तर पर हर 30 सेकंड में एक व्यक्ति की मृत्यु हेपेटाइटिस-संबंधी बीमारी से होती है। इसकी रोकथाम तथा जीवन बचाने और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए बेहतर रोकथाम, निदान और उपचार पर कार्रवाई में तेजी की आवश्यकता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की वैश्विक हेपेटाइटिस रणनीति, जिसे सभी WHO सदस्य देशों द्वारा समर्थन प्राप्त है, का लक्ष्य वर्ष 2016 और 2030 के बीच नए हेपेटाइटिस संक्रमण को 90 तक और मौतों को 65 प्रतिशत तक कम करना है।

- हेपेटाइटिस वायरस के 5 मुख्य प्रकार - A, B, C, D और E है। हेपेटाइटिस B और C सबसे आम संक्रमण हैं और इसके परिणामस्वरूप प्रति वर्ष 1.3 मिलियन मौतें और 2.2 मिलियन नए संक्रमण होते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस

➲ **चर्चा में क्यों?**

■ **प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए दुनिया भर में 28 जुलाई को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया जाता है।**






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस की शुरुआत इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) संस्था के प्रयासों से हुई।**
- **वर्ष 2025 की थीम : 'लोगों और पौधों को जोड़ना, वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज' (Connecting People and Plants, Exploring Digital Innovation in Wildlife Conservation)**

**भारत सरकार की प्रमुख पहलें:**

- **नेशनल एक्शन प्लान ऑन क्लाइमेट चेंज (NAPCC),**
- **प्रोजेक्ट टाइगर,**
- **प्रोजेक्ट एलीफेंट,**
- **नेशनल रिवर कंज़र्वेशन प्लान (NRCP),**
- **नमामि गंगे प्रोग्राम,**
- **स्वच्छ भारत अभियान,**
- **इंटरनेशनल सोलर अलायंस (ISA),**
- **वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट, 1972,**
- **बायोलॉजिकल डाइवर्सिटी एक्ट, 2002,**
- **नेशनल बायोडाइवर्सिटी मिशन,**
- **एनवायरनमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट (EIA) आदि।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## खेल परिदृश्य

## वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स – 2025

➲ **चर्चा में क्यों?**

■ **राइन-रूर, जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के 32वें संस्करण में भारत ने कुल 12 पदक जीते।**




➲ **मुख्य बिंदु :**

■ **आयोजन तिथि :** 16 से 27 जुलाई, 2025

■ **कुल स्पर्धाएँ :** 18

■ **भारत के कुल मेडल :** 12 (गोल्ड: 2, सिल्वर: 5 और ब्रॉन्ज: 5)

■ **मुख्य खेल :** तीरंदाजी और एथलेटिक्स (दोनों से 5-5 पदक)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### भारत के गोल्ड मेडल विजेता:

- **साहिल राजेश जाधव – पुरुष कंपाउंड (Archery)**
- **परनीत कौर और कुशल दलाल – मिक्स्ड टीम कंपाउंड (Archery)**

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- **वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 17 से 25 वर्ष की आयु के छात्रों के लिए हर दो साल में आयोजित होने वाली एक खेल प्रतियोगिता है।**
- **अन्य नाम : विश्वविद्यालय एथलीटों के लिए ओलंपिक।**
- **भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : चेंगदू (चीन) 2023 में, जहाँ भारत ने 11 स्वर्ण, 5 रजत और 10 कांस्य पदकों के साथ कुल 26 पदक जीते और सातवें स्थान पर रहा।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **8वाँ राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन – 2025**<br><br>♦ 25 जुलाई, 2025 को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन के आठवें संस्करण को संबोधित किया। |
| | **14वाँ अंतरराष्ट्रीय विरासत पर्यटन सम्मेलन – 2025**<br><br> |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **आयोजन :** 25 जुलाई, 2025 को वडोदरा के लक्ष्मी विला पैलेस में।
- **आयोजक :** PHD चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (PHDCCI)।
- **सहयोग :** केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय, गुजरात पर्यटन, दिल्ली पर्यटन, इंडिगो और IRCTC के सहयोग से आयोजित किया गया।
- **विषय :** "ख़्याल विरासत का"।

## अनाहत सिंह




- मिस्र के काहिरा में आयोजित विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप 2025 में भारत की अनाहत सिंह ने महिला सिंगल्स में कांस्य पदक जीता।
- अनाहत इस प्रतियोगिता में पिछले 15 वर्षों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी है।
- वर्ष 2010 में दीपिका पल्लीकल के बाद सेमीफाइनल में पहुँचने वाली पहली भारतीय लड़की बन गई।
- अनाहत ने मिस्र की नादियन एल्हममी से हारने के बाद पहला कांस्य पदक जीता।
- इन्होंने जुलाई, 2025 में आयोजित एशियाई स्क्वैश जूनियर में व्यक्तिगत चैंपियनशिप में लड़कियों की अंडर-19 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता था।
- उन्होंने जोशना के साथ एशियाई स्क्वैश डबल्स चैंपियनशिप में महिला युगल में स्वर्ण पदक जीता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## वैशाली निगम सिन्हा



- 23 जुलाई, 2025 को नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी रीन्यू की सह-संस्थापक वैशाली निगम सिन्हा को संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया (UNGCNI) की अध्यक्ष चुना गया।
- वैशाली निगम सिन्हा, UNGCNI की अध्यक्षता संभालने वाली भारत के निजी क्षेत्र की पहली प्रमुख बन गई।
- UNGCNI ग्लोबल कॉम्पैक्ट के इंडियन कंट्री नेटवर्क ने 2025-27 के कार्यकाल के लिए अपनी नई संचालन परिषद के गठन की घोषणा की।
- UNGCNI मानवाधिकार, श्रम, पर्यावरण और भ्रष्टाचार-निरोधक 10 सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत सिद्धांतों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## GP बिड़ला मेमोरियल पुरस्कार 2025 : वी. नारायणन



- 25 जुलाई, 2025 को हैदराबाद में आयोजित GP बिड़ला पुरातत्व खगोलीय और वैज्ञानिक संस्थान समारोह में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव वी. नारायणन को GP बिड़ला मेमोरियल पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों को प्रदान किया जा चुका है, जिनमें 32 नोबेल पुरस्कार विजेता शामिल हैं, जिनमें भारतीय नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. वेंकटरमन रामकृष्णन भी शामिल हैं।


## IGNOU की पहली महिला कुलपति : प्रोफेसर उमा कांजीलाल




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- हाल ही में, प्रोफेसर उमा कांजीलाल को इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (IGNOU) की पहली महिला कुलपति के रूप में नियुक्त किया गया।
- प्रो. कांजीलाल ने वर्ष 2003 में इग्नू में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में प्रोफेसर के रूप में कार्यभार संभाला तथा प्रो-वाइस चांसलर व कार्यकारी कुलपति के रूप में कार्यरत में कार्य किया।
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय ओपन विश्वविद्यालय (इग्नू) की स्थापना वर्ष 1985 में की गई थी।
- इग्नू विश्व का सबसे बड़ा ओपन विश्वविद्यालय है, जो लाखों शिक्षार्थियों को समावेशी और लचीली शिक्षा प्रदान करता है।

## अन्वेषण मॉड्यूल





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **कोयला क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन हेतु CMPDIL के सहयोग से कोयला मंत्रालय ने 25 जुलाई, 2025 को 'एकल खिड़की मंजूरी प्रणाली' (SWCS) के अन्वेषण मॉड्यूल पर एक व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला और संवादात्मक सत्र का आयोजन किया।**
- **आयोजन : टैगोर चैंबर, स्कोप कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली।**
- **उद्देश्य : हितधारकों को मॉड्यूल की कार्यक्षमताओं की गहन समझ विकसित करना।**
- **अन्वेषण मॉड्यूल लॉन्च : 4 जुलाई, 2025 को केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री द्वारा।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR